मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

वर्ष : 55 अंक 12 | प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख
दिसम्बर 2019 | बहाई वर्ष : 176

विश्व न्याय मन्दिर

पूरे बहाई विश्व को अपने कार्य में जुटे हुए देखना वस्तुतः एक उज्ज्वल परिदृश्य को निहारने जैसा है। किसी भी व्यक्तिगत अनुयायी के जीवन में, जिसकी सबसे बड़ी अभिलाषा है अन्य लोगों को अपने सृष्टिकर्ता के सत्संग में आमंत्रित करना तथा मानवजाति की सेवा, उस आध्यात्मिक रूपान्तरण के संकेत देखे जा सकते हैं, जो इस युग के प्रभु ने हर किसी के लिए चाहा है।

–रिजवा़न 2012

पंजाब के मित्रों का मशरिकुल–अज़कार भ्रमण

क्षेत्रीय बहाई परिषद पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू–कश्मीर की ओर से 22 से 24 नवम्बर, 2019 तक तीन दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया। 36 मित्रों का एक समूह नई दिल्ली के मशरिकुल–अज़कार आया, जिनमें 32 चंडीगढ़ से और 4 कोट बेजा क्लस्टर से थे।

पहले दिन मित्रगण प्रभात प्रार्थना के लिए मंदिर गए और उसके बाद पहला सत्र शुरू किया गया। सलाहकार श्री जब्बार ऐदलखानी द्वारा संचालित पहले सत्र में 18 दिसंबर 2014 के पत्र का अध्ययन किया गया है। पत्र मशरिकुल–अज़कार पर आधारित था, इसलिए मित्रों ने मश्रिकुल–अजकार के महत्व के बारे में चर्चा की। मशरिकुल–अज़कार के अंदर प्रार्थनाओं और उनकी शक्ति के महत्व पर भी चर्चा की गई। सलाहकार ने साझा किया कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर को एक मशरिकुल–अजकार के रूप में प्रस्तावित करता है तो यह बहुत अच्छा है परन्तु इसका निर्माण केवल एक परिवार के निर्माण से होता है। लेकिन मशरिकुल–अजकार का निर्माण कई परिवारों और व्यक्तियों के योगदान से होता है। दिल्ली स्थित बहाई उपासना मंदिर की भूमि की कहानी और योगदान पर भी चर्चा हुई। शाम को मित्रों को श्रीमती ईरान मोहाजर और राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा की सचिव से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभा की सचिव ने जीवन में सेवा के महत्व के बारे में बात की और श्रीमती ईरान मोहाजर ने पायनियर सेवा के अपने अनुभव को साझा किया।

दूसरा दिन भी प्रभात प्रार्थनाओं के साथ शुरू हुआ। मित्रगण अधिक उत्साहित थे क्योंकि दूसरे दिन उन्हें मशरिकुल–अज़कार में स्वयंसेवक के रूप में सेवा करने का सौभाग्य मिला था। शाम में समीक्षा के दौरान मित्रों ने अपने–अपने अनुभव साझा किए।



पंजाब और कोट बेजा से आये मित्रगणों का समूह

तीसरे दिन सलाहकार ओमिद सियोशानसियान की उपस्थिति में सत्र में भाग लेने का अवसर मिला, जहां विश्व न्याय मन्दिर के 24 अक्टूबर, 2019 के पत्र का अध्ययन किया।

मित्रों ने बताया कि यह उनके जीवन का महान अनुभव था और उन्होंने ईश्वर की समीपता, शांति, आध्यात्मिकता और प्रेम का आनंद लिया।

इस अंक में

बाब और बहाउल्लाह के जन्मोत्सवों की झलक

पिछले अंक में बाब और बहाउल्लाह के जन्मोत्सवों की कुछ झलक प्रकाशित की गईं थीं। अब आगे...

• **भोपाल** बहाई भवन में 29 अक्टूबर–2019 को पूरे समुदाय के मित्रों के लिए उत्सव मनाया गया, जिसमें 250 से भी अधिक व्यक्ति शामिल हुये, कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप प्रार्थनाओं के साथ की गई और 'दिव्य प्रकाश का अरुणोदय' नामक फिल्म को दिखलाया गया, सुन्दर गीत, डांस की प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इन्द्रपुरी क्षेत्र में 2 नवम्बर 2019 प्रत्यक्ष रूप से प्रभुधर्म का शिक्षण किया गया।

गौहरगंज क्लस्टर भोपाल सबरीजन का पड़ोसी समुदाय है जहां पर 25 अक्टूबर को सिमरोदा गांव में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसमें 50 के लगभग मित्रों ने भाग लिया और उसी के साथ महात्मा बाब और बहाउल्लाह का जन्मोत्सव कार्यक्रम बहुत ही धूम–धाम से मनाया गया। इसके साथ भोपाल का पड़ोसी समुदाय मील के दूसरे पत्थर पर पहुंच गया।

इंदौर बहाई भवन में पूरे समुदाय



मध्यप्रदेश में आयोजित कार्यक्रम

को महात्मा बाब की 200वीं जयंती का कार्यक्रम बहुत ही धूम–धाम से मनाया गया, जिसमें स्थानीय मित्रों के सहयोग से कार्यक्रम आत्मनिर्भर रहा। कार्यक्रम में बच्चों, किशोरों और युवाओं द्वारा गतिविधियों से प्राप्त सीख को साझा किया गया। कार्यक्रम में 150 मित्रों ने भाग लिया।

बागसेवनिया क्षेत्र में दो स्थानों पर 30 अक्टूबर और 2 नवम्बर को जन्मोत्सव मनाया गया। एक कार्यक्रम पूरे समुदाय के लिए किया गया, जिसमें 400 मित्र शामिल हुये, कार्यक्रम में स्थानीय मित्रों द्वारा प्रार्थना, गीत, नाटक के साथ–साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। दूसरा कार्यक्रम एक किशोर बहाई मित्र के परिवार में मनाया गया, जिसमें 40 मित्र शामिल हुये। जहाँ इस युग की महानता से लेकर बाब और बहाउल्लाह के बारे में के लिए तीन अलग–अलग दिन बड़े स्तर पर उत्सव मनाये गये, जिसमें फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम 29 एवं 30 अक्टूबर को आयोजित हुये कार्यक्रम में इन्दौर समुदाय के तीन सघन गतिविधि के केन्द्रों और जिन मोहल्लों में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम किये गये वहाँ से अधिकतर मित्रों को आमंत्रित किया गया। स्थानीय मित्रों द्वारा गीत, नाटक, कविता, डांस इत्यादि की प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम बड़े ही धूम–धाम के साथ मनाया गया।

उज्जैन क्लस्टर के हरसोदन गांव में 1 नवम्बर 2019 को महात्मा बाब के जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें बच्चे, किशोर, युवा और माता–पिताओं को मिलाकर 60 से 70 मित्र शामिल हुये और कार्यक्रम के दौरान फिल्म भी दिखाई गई।

शेष पृष्ठ 3–4 पर

वर्ष 2019–2020 के लिए राज्य/क्षेत्रीय बहाई परिषदों के सदस्यगण

क्षेत्रीय बहाई परिषद आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना

1. श्री सरूस फनियान
2. श्रीमती वासंथी गोपीनाथ
3. श्री कार्तिक
4. श्री देवी कुमार
5. श्री अजय नायडू
6. श्रीमती तुलासी राजशेखर
7. श्री वैंकट रंगईया
8. सुश्री साविर्थी रेड्डी
9. श्री चन्द्राशेखर

क्षेत्रीय बहाई परिषद असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नगालैंड

1. श्री हरकेशवर बोरो
2. सुश्री प्रियंका बोरो
3. श्री अनंदा ब्रह्मा
4. श्री दिलीप दास
5. श्री विक्की घोष
6. श्री सामू केरकेता
7. सुश्री प्रियंका कुमारी
8. श्रीमती शारदा नायक
9. श्री श्याबा नगंगोन

राज्य बहाई परिषद बिहार

1. श्री दीपेन्द्र चन्दन
2. सुश्री रीना दानेश
3. सुश्री उषा कुमारी देवी
4. श्री रंजन कुमार
5. श्री रेन्टो कुमार
6. श्री राकेश कुमार राज
7. श्री शम्भु शरण साहनी
8. श्री ओम नमः शिवाय
9. श्री रोहित तिवारी

राज्य बहाई परिषद छत्तीसगढ़

1. श्री चन्दप्रकाश भारद्वाज
2. श्री सुनिर्मल महातो
3. श्री योगेश रजक
4. श्री कमल रावल
5. श्रीमती पूजा साहू
6. श्री संतोष शर्मा
7. श्री तुमनलाल सोनवानी

राज्य बहाई परिषद गुजरात

1. सुश्री बिन्दिया अहीरे
2. श्री राजेश अहीरे
3. श्री सैफुद्दीन अनीस
4. श्री वसंत बागुल
5. श्री धर्मेश भीमसेन
6. श्री प्रशांत चिनूभाई
7. श्री संजय गेन
8. श्री विजय गावित
9. सुश्री निशा पुनावाला

राज्य बहाई परिषद झारखण्ड

1. सुश्री श्वेता फ्रांसिस
2. श्री रतन महातो
3. सुश्री नीतू नाग
4. सुश्री गौरी साहू
5. श्री संदीप शर्मा
6. श्री महानंद सिंह
7. श्री सुरेश सिंह

राज्य बहाई परिषद कर्नाटक

1. श्री रवि किरण
2. श्री एचबी सतीश कुमार
3. श्री योगेश लोंधे
4. कैप्टन मल्लिकार्जुन
5. सुश्री पार्वती
5. श्री दिनेश राव
7. श्री थिम्मईया आरपी
8. श्री गणेश शिनॉय
9. श्री डीटी श्रीनाथ

राज्य बहाई परिषद केरल

1. श्री विनोद अरिथीर्थम
2. श्री वी. जी. बिजू
3. श्री संजू विजयकुमार
4. सुश्री ज्योथी लक्ष्मी
5. श्री के मोहनन
6. सुश्री ज्योथी प्रभाकरण
7. श्री वी. रामाकृष्णन
8. सुश्री सोभा टोमी
9. श्री एम. सी. उनीज़

राज्य बहाई परिषद मध्यप्रदेश

1. श्री भूपेन्द्र भारद्वाज
2. श्री अराश फज़ली
3. श्री प्रकाश कौशल
4. श्रीमती अलका कुमार
5. सुश्री ज़रीन मिश्रा
6. श्री धर्मवीर नरवारिया
7. डॉ. रोजा ओल्याई
8. श्री रोशन लाल पटेल
9. श्री संदीप सिंह

क्षेत्रीय बहाई परिषद महाराष्ट्र एवं गोवा

1. श्री कन्हैया भौंसले
2. श्री आकाश चक्रबर्ती
3. श्रीमती मार्ज़िया दलाल
4. श्री संदीप गौरे
5. श्री मिथुन कांबले
6. सुश्री ईडेन मोतालबी
7. श्रीमती कविता पवार
8. श्रीमती सविता शिखरे
9. श्री सुमित सिंह

क्षेत्रीय बहाई परिषद मणिपुर एवं मिजोरम

1. सुश्री इनाओ देवी
2. सुश्री हरिबती देवी
3. सुश्री सनाटुम्बी देवी
4. सुश्री अहनलिमा कोईजाम
5. श्री इबोम्चा मितई
6. श्री सतीश मितई
7. श्री के एच सुरेश
8. श्री लाल बिहारी सिंह
9. श्री खेलजीत थोंगराम

राज्य बहाई परिषद उड़ीसा

1. सुश्री अनीता बेहरा
2. श्री तरंग दास
3. श्री घनबिहारी धनसेना
4. सुश्री मिताली मलिक
5. श्री बबलू मिश्रा
6. श्री गदाधर मोहंती
7. सुश्री मोना मोतल्लबी
8. श्री रियाज़ मोतल्लबी
9. श्री सुशांत नायक

क्षेत्रीय बहाई परिषद पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर

1. श्रीमती पुतुल अध्या
2. श्री विकास छेत्री
3. श्रीमती जयावती
4. श्री अमन मोहाजर
5. श्री रघुपति
6. श्रीमती जोहरे रोशन
7. श्री शुभम
8. सुश्री आरती थापा
9. श्रीमती होमा ज़मानी

राज्य बहाई परिषद राजस्थान

1. सुश्री अपर्णा अनंत
2. श्री रामेश्वर बैरवा
3. श्री बनवारी चंदवाला
4. श्रीमती सहार हगीगत
5. श्री अरशद हुसैन
6. श्री हरमीत सिंह कोहली
7. श्री संजय शर्मा

क्षेत्रीय बहाई परिषद सिक्किम एवं दार्जिलिंग

1. श्री हेस्सम ईसा
2. श्री सरोज लामा
3. श्री बिनोद पोखरेल
4. श्री बलराम प्रधान
5. श्रीमती रूपा प्रधान
6. सुश्री फरिश्ता राय
7. श्री कैलाश शर्मा
8. सुश्री रोशनी शेख
9. श्री आकाश थापा

क्षेत्रीय बहाई परिषद तमिलनाडु एवं पुडुचेरी

1. श्रीमती मार्था अख़्तरखावेरी
2. श्री भरथ अरुमुगम
3. श्रीमती अनदल कन्नन
4. श्री सतीश के. एच.
5. श्री कमलासेखरन पांडयन
6. सुश्री अस्सिया प्रिया
7. सुश्री सरस्वथी
8. श्री सुब्रामणियन
9. सुश्री मल्लिका सुन्दर

राज्य बहाई परिषद त्रिपुरा

1. सुश्री रीना बैद्या
2. श्री रूपक बिश्वास
3. श्री मनीष देब
4. श्री प्रबीर देबनाथ
5. श्री बिभूति रंजन कर्माकर
6. श्री उत्तम मित्रा
7. सुश्री दीया रॉय
8. श्री केशब रॉय
9. श्री बिश्वजीत सिन्हा

क्षेत्रीय बहाई परिषद उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड

1. श्री नदीम अमीर
2. श्री अमित कुमार
3. श्री प्रिंस कुमार
4. श्री राजीव कुमार
5. श्री प्रमोद मोर्या
6. श्री एहलाम मोहाजर
7. सुश्री रोशनी
8. सुश्री ताहिरे सिंह
9. श्री उमेश कुमार वर्मा

राज्य बहाई परिषद पश्चिम बंगाल

1. श्री प्रदीप भट्टाचार्य
2. श्री धनंजय कुमार
3. श्री कमलकांत महातो
4. श्री प्रदीप कुमार महातो
5. श्री सुपर महातो
6. श्री मोनीशंकर मैती
7. सुश्री शेफाली मुदी
8. श्री आफताव सोहेल
9. श्रीमती जेबा यादव

• • • • • • • • •

बाब और बहाउल्लाह के जन्मोत्सवों की झलक

पृष्ठ 1 का शेष

महू क्लस्टर में एक बहाई परिवार के घर पर महात्मा बाब और बहाउल्लाह का जन्मोत्सव बहुत ही धूम–धाम से मनाया गया, जिसमें 25 से 30 मित्रों ने भाग लिया।

सुसेरा क्लस्टर के तीन गांव में द्विशताब्दी समारोह के आयोजन की योजना, अगस्त माह में संस्थाओं द्वारा किये गये भ्रमण के दौरान स्थानीय मित्रों से परामर्श उपरान्त बनाई गयी जिसकी तैयारी उसी समय से प्रारम्भ की गयी। स्थानीय मित्रों ने द्विशताब्दी के समय तक पूरे क्लस्टर में 100 से भी अधिक गतिविधियों के लक्ष्यों को हासिल करने की योजना बनाई जिस पर मित्रों द्वारा नियमित प्रयास किये गये। इसके अलावा दिल्ली में आयोजित सितम्बर माह के सेमिनार में सुसेरा से कुछ मित्रों ने भाग लिया और वहाँ से कुछ नवीन अंर्तदृष्टियाँ प्राप्त की एवं उसके अनुसार अपने–अपने क्षेत्रों में प्रयास किया। इसके साथ ही भोपाल में राज्य सम्मेलन में भी जन्मोत्सव मनाने के सम्बन्ध में प्रपत्र का गहन अध्ययन किया गया, जिसमें मित्र प्रोत्साहित होकर अपने क्लस्टर की वास्तविकता को ध्यान में रखकर जन्मोत्सव के कार्यक्रम को मनाने में जुट गये।

चक्कगांव, बड़ापुरा और कनकटपुरा में तीन स्थानों पर जन्मोत्सव मनाने के प्रयास किये, जिसमें से अभी तक चक्कगांव में 30 अक्टूबर 2019 को बड़े स्तर पर कार्यक्रम मनाये जाने हेतु स्थानीय मित्रों द्वारा तीनों गांव में आमंत्रण दिया गया। समुदाय महात्मा बाब के 200वें जन्मदिवस के बारे में जानकर इतना प्रसन्न हुआ कि उन्होंने साउण्ड सिस्टम और टेन्ट बिना किसी पैसा लिये प्रोग्राम हेतु प्रदान कराया। कार्यक्रम 4 से 5 घण्टे तक चला जिसमें स्थानीय मित्रों द्वारा सुन्दर–सुन्दर तथा प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दिखलाई गयी।

ग्वालियर क्लस्टर में कुल 13 जगहों पर जन्मोत्सव मनाये गये, जिसमें 700 से भी अधिक मित्रों ने भाग लिया। एक बडा जन्मोत्सव बहाई भवन पर 28 अक्टूबर को बड़े ही धूम–धाम से मनाया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं द्वारा सुन्दर और प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। इसके साथ ही समुदाय में कई मित्रों के घरों में जन्मोत्सव का आयोजन किया गया और तीन से चार बार लिटल ऐन्जल स्कूल में जन्मोत्सव मनाया गया।

बदवार क्लस्टर में 12 अगस्त 2019 को परिषद के द्वारा आयोजित स्थानीय सभाओं के दृढ़ीकरण कार्यक्रम के दौरान जुलाई 2019 के प्रपत्र का गहन अध्ययन कर बदवार गांव में 15 स्थानों पर जन्मोत्सव मनाने की योजना बनाई गयी। सभा द्वारा बहाई भवन में 200 पेड़ लगाये गये और बहाई भवन पर पूरे समुदाय के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 83 मित्रों ने भाग लिया। इसके साथ ही बदवार क्लस्टर में प्रत्येक दिन किसी न किसी बहाई मित्र के घर पर जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। अभी तक बदवार क्लस्टर में 10 परिवारों में जन्मोत्सव मनाया जा चुका है।



उत्तर प्रदेश के हसनपुर और गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के मित्रगण

• **उत्तर प्रदेश** में इस वर्ष युगल जन्मदिवस की तैयारी जुलाई में क्षेत्रीय संस्थागत सभा में शुरू हुई, अन्य बातों के अलावा इस पर भी चर्चा हुई कि इस वर्ष युगल जन्मदिवस कैसे मनाया जाये। सितम्बर माह में स्थानीय आध्यात्मिक सभाओं के लिए 16 सम्मेलनों का आयोजन किया गया। अन्य बातों पर चर्चा करने के साथ ही, समारोह के बारे में विश्व केन्द्र से प्राप्त मार्गदर्शन का अध्ययन भी किया गया और इन युगल जन्मदिवसों को सर्वोत्तम तरीके से मनाने की योजना बनाई गई। पिछली बार बड़े स्तर पर समारोह मनाने पर बल दिया गया था, लेकिन इस बार छोटे समारोह और परिवारों के समूह पर ध्यान केन्द्रित था।

सहायक मण्डल सदस्यों और सहायक कोषाध्यक्षों के लिए अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। हालांकि इसका विषय कोष शिक्षा था लेकिन एक सत्र युगल जन्मदिवस के समारोह के लिए समर्पित था। समारोह में लगभग डेढ़ लाख मित्रों के भाग लेने की योजना बनाई गई। सम्मेलन के तुरंत बाद युगल जन्मदिवस के समारोह आरम्भ हो गये और अभी भी जारी हैं। लोगों को बहाउल्लाह के बारे में बताने के लिए यह एक अच्छा सुअवसर था।



पंजाब क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फिल्म देखते हुए मित्रगण

उत्तर प्रदेश के 607 गांवों या पड़ोस में गांव के स्तर पर समारोह बनाये गये, इनमें लगभग सवा लाख लोग शामिल हुए। एक हजार से अधिक परिवार समूहों ने उत्सव को मनाया, जिसमें लगभग 29 हजार प्रतिभागी थे। एक हजार से अधिक घरों में इस उत्सव को मनाया गया, जिसमें लगभग 11 हजार मित्रगण शामिल हुए। 66 स्कूलों में लगभग तीस हजार प्रतिभागियों के साथ यह उत्सव मनाया गया। 146 स्थानों पर लगभग 2700 लोगों ने 'दिव्य प्रकाश का अरुणोदय' फिल्म देखी।

• **महाराष्ट्र** में बाब के जन्म के द्विशताब्दी समारोह का आयोजन कल्याण की स्थानीय आध्यात्मिक सभा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 प्रमुख लोग आये, जबकि स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम में उच्च कक्षाओं के कोई 200 छात्र–छात्राओं ने युगल अवतार के जन्मोत्सव के महत्व के बारे में जाना। बहाई मित्र अंध विद्यालय, बदलापुर में भी गये और उन्हें ब्रेल लिपि में संदेश दिया। नेत्रहीन छात्रों ने गीत–संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

कल्याण की आध्यात्मिक सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भिवंडी, कौंगगाँव, उल्हासनगर, बदलापुर, मुम्ब्रा, जेम्बीवली, कम्भलपाड़ा और गोवन्डी के बहाई मित्रों ने भी सहयोग प्रदान किया और यही कारण था कि जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्य और आकर्षक बन पाया।

इस केन्द्रीय कार्यक्रम के अलावा स्थानीय स्तर पर भी भिवंडी में 20 अक्टूबर को, कल्याण के श्री परिसर में 3 नवम्बर को, खम्बलपाड़ा, जेम्बीवली में 9 नवम्बर को और पूर्वी कल्याण के टाटा पावर परिसर में 10 नवम्बर को द्विशताब्दी समारोहों का आयोजन किया गया, जिनमें से प्रत्येक में पचास से सौ की संख्या में आमंत्रित अतिथि आये।



पंजाब क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी

• **पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू–कश्मीर** क्षेत्र में समुदायसमूह स्तर पर सात स्थानों पर और स्थानीय स्तर पर तेईस घरों में बाब के जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये गये। लोगों के घरों में आयोजित कार्यक्रमों में पड़ोसी क्षेत्रों

के बहाई मित्र भी शामिल हुये जहाँ बड़ी संख्या में पडोसियों, सहकर्मियों और रिश्तेदारों को आमंत्रित किया गया। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 1100 से अधिक अतिथियों ने आमंत्रण स्वीकारा और वे आये। बेजा, जीन्द, फरीदाबाद, पटियाला, कालका, जम्मू और श्रीनगर में स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में दस से अस्सी लोग शामिल हुये।

इस अवसर विशेष के लिये विश्व केन्द्र द्वारा तैयार किया गया वृत्तचित्र "डॉन ऑफ द लाइट" का हिन्दी अनुवाद पाँच स्थानों पर प्रदर्शित किया गया, जिसे हज़ार से अधिक लोगों ने देखा। कार्यक्रमों से प्रभावित हो कर और बाब तथा बहाउल्लाह का संदेश पा कर सात लोगों ने प्रभुधर्म में अपनी आस्था व्यक्त की।



कुर्नूल में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले मित्रगण



विशाखापत्तनम में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले मित्रगण

• **आंध प्रदेश और तेलंगाना** में भी बाब के जन्म की द्विशताब्दी धूमधाम से मनाई गई। यहाँ तीन क्षेत्रों में समुदायसमूह स्तर पर, ग्यारह पड़ोसी क्षेत्रों में और 18 स्थानीय स्तर पर समारोह के आयोजन किये गये, जिनमें आमंत्रित अतिथियों को मिलाकर 1500 से अधिक लोगों ने प्रतिभागिता दर्ज की। प्राप्त सूचना के अनुसार क्षेत्रीय स्तर पर एक, परिवारों के स्तर पर 30 और पी.जी0–2 समुदायसमूहों में तीन स्थानों पर जन्मोत्सव के कार्यक्रम अभी मनाये जाने बाकी हैं।

कुर्नूल समुदायसमूह के बुध्वार पेटा, डब्ल्यु एस कॉलोनी और सुंकेसुला गांव में, विशाखापट्टनम के कोठा रोड, कैलासपुरम और सितम्भधारा में, हैदराबाद क्लस्टर के मेंहदीपट्टनम और सिकंदराबाद में, मेडचाल नगर में, काकीनाड़ा के रविकांपाडु गाँव में और विजयवाड़ा क्लस्टर के विजयवाड़ा तथा नुन्ना ग्राम में भी बाब का जन्मोत्सव मनाये जाने की ख़बर है।

क्षेत्र के आठ स्थानों पर इस विशेष अवसर के लिये बनाई गई फिल्म "डॉन ऑफ द लाइट" को दिखलाया गया। अनेक स्थानों पर परिवारों के समूह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बाब तथा बहाउल्लाह के जीवन के कुछ घटनाओं पर चर्चा की। बहाई शिक्षाओं के बैनर के साथ एक स्थान पर रैली भी निकाली गई जिसने जनमानस को खूब आकर्षित किया। रैली में बहाई बाल कक्षा और किशोर युवा आध्यात्मिक सशक्तिकरण कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवक–युवतियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। रैली के दौरान जिज्ञासुओं से अर्थपूर्ण वार्तालाप किया गया।

बहाई विवाह



असम के गोवाहाटी की सृष्टि नन्दा और दिल्ली के श्री करन बैरी का विवाह 21 नवम्बर 2019 को स्थानीय आध्यात्मिक सभा दिल्ली के तत्वावधान में बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



श्री दीपक शेरिया और हरियाणा, फरीदाबाद के निम्का गांव की सुश्री सोनिया का विवाह 20 नवम्बर 2019 को स्थानीय आध्यात्मिक सभा फरीदाबाद के तत्वावधान में बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



हरियाणा के गुरुग्राम की सुश्री काजल कुमारी और महाराष्ट्र मालेगांव क्लस्टर के श्री आशीष नवल जाधव का विवाह 14 नवम्बर 2019 को स्थानीय आध्यात्मिक सभा गुरुग्राम के तत्वावधान में बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।

कुल पृष्ठ संख्या–4
बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/2018-19-20
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2018-19-20
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at CPSO New Delhi on 10/11.12. 2019
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

स्वामी, भारत के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, जो सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है, के लिए प्रकाशक, मुद्रक : सुशील कुमार के द्वारा श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 से मुद्रित एवं बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110 001 से प्रकाशित (सम्पादक : सुशील कुमार)